भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1337
दिनांक 09.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत और कनाडा के मध्य संबंध

1337. श्री अरविंद सावंत:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कनाडा में वर्तमान में कितने हिन्दू और सिख अध्ययनरत हैं;

(ख) क्या सरकार ने हिन्दुओं के विरुद्ध घृणा संबंधी टिप्पणियों/बयानों के मुद्दे को कनाडा सरकार के साथ उठाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारतीय व्यापार पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव के बारे में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे भारत से कनाडा को किए जाने वाले निर्यात के कितना प्रभावित होने की संभावना है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) से (ग) यह अनुमानित है कि कनाडा में 2,30,000 भारतीय छात्र हैं।

विदेश में छात्रों सहित भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार कनाडा में स्थित भारतीय नागरिकों के खिलाफ संगीन अपराधों सहित रिपोर्ट की गई घटनाओं पर कनाडा सरकार के साथ बातचीत कर रही है। कनाडा के प्राधिकारियों से ऐसी घटनाओं की जांच करने और अपराधियों को दोषी ठहराने के लिए कहा गया है।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कनाडा के साथ हमारे द्विपक्षीय व्यापार और कनाडा के साथ निर्यात में 2022 में हुए व्यापार और निर्यात की मात्रा की तुलना में 2023 में वृद्धि दर्ज की गई है।

वर्ष	वस्तुओं का कुल द्विपक्षीय व्यापार (बिलियन डॉलर में)	व्यापार में % वृद्धि	भारत द्वारा कनाडा में निर्यात (बिलियन डॉलर में)	निर्यात में % वृद्धि
2022	6.9	18.84	3.76	9.04
2023*	8.2		4.1	

[स्त्रोतः विदेश व्यापार महानिदेशालय, भारत सरकार]

*जनवरी से अक्तुबर 2023 तक का डाटा

*****